**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3181**
**उत्तर देने की तारीख 11 मार्च, 2026**

# चित्रदुर्ग जिले में भारतनेट योजना

**3181. श्री गोविन्द मकथप्पा कारजोलः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत नेट योजना के अंतर्गत चित्रदुर्ग जिले में लक्षित ग्राम पंचायतों की कुल संख्या कितनी है और आज की तिथि में सेवा के लिए तैयार की गई ग्राम पंचायतों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान चित्रदुर्ग जिले में भारत नेट परियोजना के कार्यान्वयन के लिए आवंटित, जारी और उपयोग की गई कुल निधि का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त जिले में विद्यालयों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ियों और सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) जैसे सरकारी संस्थानों द्वारा भारत नेट बैंडविड्थ के उपयोग का ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त जिले में भारत नेट कार्यों के निष्पादन में यदि कोई देरी हुई है, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू), ठेकेदार के कार्य निष्पादन, तकनीकी बाधाओं या निधि आवंटन से संबंधित मुद्दों सहित इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) चित्रदुर्ग जिले के ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में उच्च बैंडविड्थ और फाइबर-टू-द-होम (एफ़टीटीएच) संपर्क प्रदान करने के लिए पीपीपी मॉडल के अंतर्गत मौजूदा अवसंरचना का उन्नयन करने और अंतिम चरण तक संपर्क प्रदान करने तथा डिजिटल समावेशन में सुधार के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**

**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) से (घ) चित्रदुर्ग जिले में भारतनेट चरण-I के अंतर्गत सभी 190 ग्राम पंचायतों को सेवा प्रदान करने के लिए तैयार कर दिया गया है।

चित्रदुर्ग जिले सहित कर्नाटक के सभी जिलों के लिए भारतनेट परियोजना के अंतर्गत विगत पाँच वित्तीय वर्षों (2020-21 से 2024-25) के दौरान कुल 635.89 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं और उनका उपयोग किया गया है।

दिनांक 28.02.2026 तक 25 एमबीपीएस की न्यूनतम स्पीड के साथ भारतनेट के उपयोग से 284 एफटीटीएच कनेक्शन कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित सरकारी संस्थानों में कार्य कर रहे हैं।

(ङ) भारतनेट परियोजना को कर्नाटक में चित्रदुर्ग जिले के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों सहित देशभर में मांग के आधार पर सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) और ग्राम पंचायतों से परे गावों को ब्रॉड्बैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्यान्वित किया जा रहा है। संशोधित भारतनेट कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में उन्नत डिजिटल समावेशन के लिए हाई स्पीड ब्रॉड्बैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

(i) रिंग आर्किटेक्चर में भारतनेट नेटवर्क का सृजन और उन्नयन
(ii) 10 वर्षों के लिए प्रचालन और रखरखाव
(iii) समर्पित नेटवर्क प्रचालन केंद्र
(iv) भारतनेट उद्यमी (बीएनयू) का उपयोग करके 1.5 करोड़ एफटीटीएच कनेक्शन उपलब्ध कराना।

****